तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

12 एलडीए के सस्पेंशन को लेकर बिजली कर्मियों ने...



12 श्रावणी पर्व पर छात्रों ने हवन में डाली आहुतियां



## खबर संक्षेप

### दिल्ली पेरलल नहर में गिरी कार, ट्रक चालक ने कूदकर जान बचाई

**पानीपत।** पानीपत गांव नारायणा के पास दिल्ली पेरलल नहर में कार गिर गई। वहीं कार को नहर में गिरता देख एक ट्रक के चालक ने अपना वाहन रोगा और नहर में कूद गया। ट्रक ड्राइवर ने कार में चालक सीट पर सवार सतेंद्र निवासी गांव सिवाह को बाहर निकाला। जबकि उनकी कार नहर में डूब गई। गोताखोरों की टीम नहर में कार की तलाश कर रही है। जबकि पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इग्नू प्रवेश तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त 2025 कर दी है। यह जानकारी क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने दी।



डॉ. धर्मपाल ने कहा कि इग्नू प्रदेश के 16 जिलों में 32 अध्ययन केंद्रों के माध्यम से छात्रों को शिक्षा उपलब्ध करा रहा है।

### अंबाला में चार साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग मामले में 8 लाख 95 हजार रूपये की ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। प्रबंधक थाना साइबर ने बताया कि 17 अगस्त 2025 को साइबर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भोपाल के रहने वाले आरोपी शेख अरशील, उवेज उल्लाह, शोएब शेख व मोहम्मद जिआ कुरैशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद जिआ कुरैशी को 5 दिन के रिमांड पर भेज दिया है। कच्चा बाजार के रहने वाले राजीव जैन ने 10 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 अप्रैल 2025 से 3 मई 2025 के दौरान आरोपी ने टेलीग्राम से आनॅलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर लगभग 8 लाख 95 हजार ठग लिए।

### शंभू टोल प्लाजा के पास चरस तस्करी में दो काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर क्षेत्र के शंभू टोल प्लाजा के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने सेक्टर 9 के रहने वाले लक्षित मल्होत्रा व एक किशोर को मोटरसाइकिल सहित 590 ग्राम चरस के साथ काबू किया है। लक्षित मल्होत्रा को दो दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-2 के निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस दल को सूचना पर नाकाबंदी कर आरोपी को किशोर के साथ काबू किया।

### सीआईए थ्री ने रंगदारी लेने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सनौली रोड पर ऑटो रिक्शा चालकों से अवैध वसूली करने व धमकी देने के आरोपी शौकीन निवासी गांव झांबा जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी विजय ने बताया कि इस मामले में थाना शहर में धूप सिंह नगर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर केस दर्ज है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की दी।

### पार्षद पद का त्याग करेंगे डॉ गौरव

**पानीपत।** नगर निगम के मनोनीत पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें पद की लालसा नहीं है और वे पार्षद पद से इस्तीफा देगे। वहीं डॉ गौरव ने 13 दिन पहले से शपथ ली थी। वहीं, डॉ गौरव ने कहा कि उनके अंदर सेवा करने की लालसा है, जो कि बिना पद के भी की जा सकती है। भाजपा सरकार द्वारा डॉ. गौरव को मनोनीत पार्षद घोषित किए जाने पर कई कार्यकर्ताओं द्वारा उनका विरोध किया जा रहा था। डॉ गौरव ने कहा कि वे पार्टी के आजीवन कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहेंगे।

# पहाड़ी क्षेत्रों में रुकी बारिश, शांत हुई यमुना नदी जिला प्रशासन व ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**एक दिन पहले नदी का जलस्तर बढ़कर पहुंच गया था एक लाख 78 हजार क्यूसिक** | **सोमवार शाम तक नदी का जलस्तर रह गया कुल 48 हजार 235 क्यूसिक**

### रविवार रात से यमुना का जलस्तर कम होने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों में एक दिन पहले हुई जोरदार बारिश की वजह से उफान पर पहुंची यमुना नदी सोमवार को शांत हो गई। सोमवार शाम पांच बजे तक यमुना नदी का जलस्तर घटकर मात्र 48 हजार 235 क्यूसिक रह गया। जबकि एक दिन पहले गत रविवार को यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर एक लाख 78 हजार क्यूसिक से अधिक पहुंच गया था और यमुना उफान पर पहुंच गई थी। मगर बीती अर्धरात्रि के बाद यमुना नदी शांत होने लगी। सोमवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का निरीक्षण किया।

हथनी कुंड बैराज के सूत्रों का कहना है कि गत रविवार को पहाड़ी इलाकों में जोरदार बारिश होने से यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर एक लाख 78 हजार क्यूसिक पहुंच गया था। मगर इसके बाद पहाड़ी इलाकों में बारिश थम गई और रविवार रात से यमुना नदी का जलस्तर कम होने लगा।

सोमवार शाम पांच बजे तक यमुना नदी पूरी तरह शांत हो गई और उसमें मात्र 48 हजार 235 क्यूसिक पानी बह रहा था। जो सामान्य से कम है। यमुना नदी के शांत होने के बाद प्रशासन व बाढ़ प्रभावित इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली।





**यमुनानगर।** प्रताप नगर क्षेत्र में शांत होकर बह रही यमुना नदी व बाढ़ राहत कार्यों का निरीक्षण करते उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

## डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बाढ़ राहत कार्यों का किया निरीक्षण

- गांव खान्नुवाला व चिंतपुर के पुलों के नीचे सफाई के लिए ग्रामीणों ने अनुग्रह किया
- सभी बाढ़ राहत से बचाव के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें

सोमवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ जिला के गांव पंजेटो, ऊर्जनी, याकुबपुर, खेड़ा, बरोली माजरा, खान्नुवाला, चिंतपुर व साढौरा पुल पर चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बाढ़ राहत से बचाव के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता को ग्रामवासियों ने बताया कि गांव पंजेटो, उर्जनी, याकुबपुर, खेड़ी, बरोली माजरा, खान्नुवाला व चिंतपुर इत्यादि गांवों के रास्तों व खेतों में बरसात के समय पानी भर जाता है। उन्होंने गांव खान्नुवाला व चिंतपुर के पुलों के नीचे सफाई के लिए अनुग्रह किया। ताकि बरसात का पानी आसानी से निकल सके। डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के समय जिन गांवों में पानी भर जाता है उन गांवों में पानी की निकासी का बरसात होने से पहले उचित प्रबंध करें।

## मारकंडा का जलस्तर बढ़ा, नदी के आसपास के गांव प्रभावित

- गांव कठवा में लोगों के घरों में पहुंचा नदी का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

पहाड़ों में चल रही बरसात के कारण मारकंडा नदी में जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार सांय तक शाहबाद में मारकंडा नदी में 23 हजार क्यूसिक पानी की मात्रा दर्ज की गई। मारकंडा नदी में पानी आने के कारण मारकंडा नदी के किनारे लगते गांव कठवा, कलसाना, मलकपुर, गुमटी, पट्टी जामड़ा, तंगौर और मुगलमाजरा में फसलों और जनजीवन पर भारी असर पड़ा है। मारकंडा नदी में आई बाढ़ से गांव कठवा और पट्टी जामड़ा में हालात बेहद खराब हो गए हैं। गांव कठवा में करीब 100 फुट लंबी सड़क का हिस्सा पानी में बह चुका है। इस रास्ते से स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और शहर आने-जाने वालों को लगभग 4 फुट गहरे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

### कई घर जलमग्न

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले सात दिनों से छोटे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जबकि बड़े बच्चों को ट्रैक्टरों की मदद से पानी पार करवाया जा रहा है। वहीं गांव पट्टी जामड़ा में स्थिति और भी खराब है। यहां का सरकारी स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र और कई घर पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। ग्रामीणों को घर छोड़कर मारकंडा मंदिर और अन्य ऊंचे स्थलों पर शरण लेनी पड़ रही है। वही मारकंडा नदी के किनारे बसे मारकंडा बस्ती बाजीगर कॉलोनी में भी पानी भर गया है जिससे मारकंडा कॉलोनी के और बाजीगर कॉलोनी के लोग अपने बच्चों सहित मारकंडा मंदिर में डेरा डाले हुए हैं। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने संवेदनशील गांवों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है।



**शाहबाद।** मारकंडा नदी में बहता पानी। *फोटो : हरिभूमि*

### टीमें हालात पर नजर बनाए हैं: एसडीएम

एसडीएम डॉ. चिनार चहल के नेतृत्व में टीमें हालात पर नजर बनाए हुए हैं और नदी के किनारे बसे गांवों में सरपंचों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मुनादी करवाकर लोगों को सतर्क करें और आवश्यक स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरण सुनिश्चित करें। प्रशासन ने चेतावनी जारी की है कि जब तक जलस्तर सामान्य नहीं हो जाता, लोग नदी किनारे जाने से परहेज करें। बाढ़ संभावित क्षेत्रों के निवासियों से कहा गया है कि वे जरूरत पड़ने पर तुरंत राहत कैंपों में शिफ्ट हो जाएं। गेज रीडर रविंद्र ने बताया कि रविवार अलसुबह के बाद पहाड़ों में बारिश नहीं हुई, इसलिए वहां नदी में रात से पानी कम होना शुरू हुआ है। अब जल्द पानी शाहबाद में भी कम हो जाएगा।

## करनाल की बेटी ऋषिता डांग ने ताइक्वांडो में जीता रजत पदक

**करनाल।** करनाल की बेटी और प्रतिभाशाली खिलाड़ी ऋषिता डांग ने जिले का नाम एक बार फिर रोशन किया है। सिरसा में आयोजित द्वितीय हरियाणा राज्य सब जूनियर एवं सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में ऋषिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 15 से 18 अगस्त तक चली, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से 250 से अधिक खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। ऋषिता इस समय क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, दिल्ली-एनसीआर से बी.ए. (मीडिया एवं पब्लिक अफेयर्स) तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। छोटी उम्र से ही उन्होंने ताइक्वांडो में रुचि दिखाई और कोच मनीष कुमार के मार्गदर्शन में लगातार मेहनत की। पदक जीतने के बाद परिवार, गुरुजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी इस उपलब्धि पर हरियाणा ताइक्वांडो स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव विनोद सैनी, चैंपियंस अकादमी के निदेशक एवं कोच मनीष कुमार और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी के खेल समन्वयक विवेक सैन ने बधाई दी और कहा कि ऋषिता आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगी।




## कुटा चुनाव में प्रधान पद के लिए डॉ. जीतेंद्र खटकड़ और डॉ. नरेश सागवाल के बीच सीधी टक्कर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन रहा। कुटा का चुनाव 26 अगस्त को होगा। चुनाव में करीब 332 मतदाता शिक्षक अपने वोट के जरिये फैसला करेंगे। नामांकन वापस लेने के बाद अब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का चुनावी दंगल पूरी तरह से सज चुका है।

प्रधान पद के लिए डॉ. जीतेंद्र खटकड़ और डॉ. नरेश सागवाल के बीच सीधी टक्कर होगी। वहीं उप प्रधान पद के लिए डॉ. विजय कुमार द्वारा नामांकन वापस लिए जाने पर अब डा. सुधीर कुमार व डा. विजय कुमार के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए डा.संजय कुमार और डा. सुरेंद्र कुमार के बीच मुकाबला होगा। सह सचिव पद पर केवल एक ही नामांकन रहने के चलते डा. लता खेड़ा निर्विरोध चुना जाना तय है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए भी केवल एक ही नामांकन रहने के चलते डा. राजवीर सिंह का निर्विरोध चुना जाना तय है। बतां दे कि कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ. लता खेड़ा, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. रमेश कैत व डॉ. सतीश कुमार ने नामांकन भरा था।

### करियर में कौशल एवं आत्मविश्वास जरूरी : प्रो. सुनील ढींगरा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 7 एवं 8 अगस्त को प्रबंधन प्रशिक्षु कार्यक्रम के लिए दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि करियर में उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों में कौशल विकास एवं आत्मविश्वास होना बहुत जरूरी है। इस ड्राइव में 4 लाख वार्षिक के आकर्षक पैकेज की पेशकश की गई, जिसमें 25 एमबीए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जेएम बैक्सी की चयन समिति में कमल ग्रोवर, वैभव अग्रवाल, रोहित और रोहित ने अपने औद्योगिक अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा किया तथा साक्षात्कार एवं विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद योग्य प्रतिभाओं का चयन किया।

**कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 4 लाख वार्षिक का पैकेज**

## बाइक सवार स्नेचर्स ने युवक के गले से छीना सोने का लॉकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार स्नेचरों पर किया केस दर्ज

गांव सुघ के पास बाइक सवार दो स्नेचर्स ने एक युवक के गले से सोने का लॉकेट छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बाइक सवार दो स्नेचर्स के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव सुघ निवासी राजकुमार ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गत 17 अगस्त को रात आठ बजे गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक है। जब तक वह कुछ समझ पाता आरोपी युवक उसके गले से सोने का लॉकेट छीन कर फरार हो गए। उसने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। मगर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सुसर-दामाद ने की थी 15 लाख की चोरी

**सुसर गिरफ्तार ढाई लाख रुपये बरामद, दामाद पेशेवर अपराधी**

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी हैंडलूम व्यापारी अमित के घर से 15 लाख रूपए चोरी की वारदात का पर्दाफास कर गिरोह के आरोपी इश्तियाक निवासी शांति कालोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि थाना चांदनी बाग में न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अमित की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं पुलिस की पूछताछ में आरोपी इश्तियाक ने बलजीत नगर निवासी अपने दामाद दिलशाद उर्फ नोनू व उसके एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी इश्तियाक से चोरी की रकम में से 2.50 लाख बरामद किए है। फरार आरोपियों दिलशाद व इसके साथी की पुलिस ने तलाश शुरू कर है। दिलशाद पेशेवर अपराधी इस पर 12 अपराधिक केस दर्ज है।

## जिला पुलिस अधीक्षक गोयल ने जिलेवासियों को किया सतर्क

**साइबर ठगी से बचाव के लिए सतर्क रहने का आहवान**

# टैक्स रिफंड के नाम पर क्लिक करते ही आपका खाली हो सकता है खाता: गोयल

### जिला पुलिस प्रशासन ने जारी की विशेष एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए नए नए तरीके इजाद करने में लगे हैं। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों को गंभीरता से सतर्क करते हुए एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने स्पष्ट कहा कि टैक्स रिफंड का झांसा देकर भेजे गए किसी भी ई.मेल या लिंक पर क्लिक करना सीधे सीधे अपने बैंक खाते की चाबी ठगों को सौंपने जैसा है। उन्होंने जिलेवासियों को साइबर ठगों की ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने के लिए आहवान किया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि हाल ही में साइबर ठग इनकम टैक्स विभाग के नाम से फर्जी ई.मेल भेज रहे हैं। इनमें टैक्स रिफंड, पेनल्टी भुगतान या दस्तावेज सत्यापन जैसे बहाने बनाकर एक लिंक भेजा जाता है। जैसे ही व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है।

### नागरिकों का सतर्क और जागरुक रहना जरुरी



**यमुनानगर।** साइबर ठगों से बचाव को लेकर जारी की गई एडवाइजरी के बारे में जानकारी देते एसपी कमलदीप गोयल।

*पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि साइबर ठग लगातार नई नई तरकीबें अपनाकर लोगों को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। इन अपराधों से बचने का सबसे मजबूत हथियार नागरिकों की सतर्कता और जागरूकता है। उन्होंने सभी से किसी भी संदिग्ध ई.मेल, कॉल या मैसेज की तुरंत सूचना साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में दिए जाने की अपील की।*

### मोबाइल व कंप्यूटर हो सकता है हैक

उसका मोबाइल व कंप्यूटर हैक हो सकता है और बैंक खाता, पासवर्ड, ओटीपी व अन्य संवेदनशील जानकारी तुरंत अपराधियों के कब्जे में चली जाती है। जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि आयकर विभाग कभी भी ई.मेल, व्हाट्सएप या कॉल के जरिए पासवर्ड, ओटीपी या बैंक विवरण नहीं मांगता है।

### अटैचमेंट न खोलें

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि यदि ऐसा कोई संदेश प्राप्त होता है तो तुरंत उसे अनदेखा करें। लिंक या अटैचमेंट न खोलें और स्रोत की पुष्टि केवल आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से ही करें।

## केयू के जनसंचार संस्थान में विश्व फोटोग्राफी दिवस आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान एवं युवा और सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस पर जनसंचार संस्थान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस विशेष कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र जिला उपायुक्त महाबीर प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल बतौर विशिष्ट अतिथि तथा प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में हरियाणा के प्रतिष्ठित इतिहासकार रणबीर सिंह फोगाट, केयू ललित कला विभाग के डॉ. पवन कुमार व डॉ. आनन्द जायसवाल मौजूद रहेंगे।

### प्रदर्शनी लगाई जाएगी

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सुंदरता थीम को लेकर प्रतिभागी छात्रों द्वारा एक फोटोग्राफी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके साथ फोटोग्राफी विषय पर एक विशेष व्याख्यान भी आयोजित होगा। इस फोटोग्राफी प्रदर्शनी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए विशेष आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि ह्यविश्व फोटोग्राफी दिवसह्न के अवसर पर प्रतिभागी विजेताओं को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार 3100 रुपए, द्वितीय 2100 रुपए, तथा तृतीय पुरस्कार 1100 रुपए तथा दो सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक 500 रुपए विजेता प्रतिभागी को दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### देश की प्रगति तभी संभव है जब लोग स्वस्थ होंगे

**करनाल।** मानव सेवा संघ प्रांगण में योगाचार्य नवीन संदूजा के नेतृत्व में हमारा मिशन स्वस्थ भारत टीम ने 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। सुबह ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और इसके बाद देशभक्ति गीतों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक खुराना (भाजपा नेता) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी राजेश ग्रोवर, सुखमिंदर पाल और शशी पांधी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे कार्यक्रम का हिस्सा बने।स.वीटी संदूजा, मीनाक्षी मित्तल, कविता चौहान, सुनीता आनंद, उमा पसरीचा और रजनी मनोचा सहित कई महिलाओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। योगाचार्य नवीन संदूजा ने अपने संबोधन में कहा कि देश की प्रगति तभी संभव है जब नागरिक स्वस्थ होंगे। उन्होंने लोगों को नशामुक्त और योगयुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया।

### पदभार व संपत्ति प्रमाण पत्र समारोह आज

**घरौंडा।** सरकार ने शहर की नगरपालिका में दो पार्षद मनोनीत किए हैं। जिसका पदभार व संपत्ति प्रमाण पत्र समारोह 19 अगस्त को नगरपालिका परिसर में किया जाएगा। सरकार ने अनिल जावा व सतीश जांगडा को नगरपालिका में पार्षद मनोनीत किया गया है। 19 अगस्त को दोनों पार्षद अपना पदभार संभालेंगे। जिसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगो को मालिकाना हक दिया है। जिसको लेकर लगभग 134 लोगो मलिकाना हक के प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

### अच्छ पड़ोसी बनें नागरिकः जैन मुनित

**पानीपत।** जैन मुनि रोहित मुनि, श्रेयांस मुनि व रजत मुनि के राजाखेड़ी गांव में चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत प्रवचन हुए। जिसका शीर्षक था अड़ोसी-पड़ोसी दिवस। रोहित मुनि महाराज ने प्रवचन की शुरुआत करते हुए कहा कि हमारा पड़ोसी बिल्कुल हमारे जैसा हो, उसकी फितरत भी हमारे जैसी होनी चाहिए। सुख-दुःख में काम आना चाहिए। जिसकी दीवार व काम सांझे हो वह सच्चा पड़ोसी होता है। पड़ोसी को सम्मान देना चाहिए ताकि आपको भी सम्मान मिल सके। उसका कभी भी बुरा ना करें क्योंकि जो दूसरों का बुरा करता है उसका खुद बुरा हो जाता है।

### जन्माष्टमी पर्व की खुशी योगासन कर लड्डू बांटे

**पानीपत।** सुखदेव नगर पार्क सुधार समिति ने जहां नागरिकों को योग करवाया, वहीं स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की खुशी में लड्डू का प्रसाद बांटा। इस अवसर पर रामपाल शर्मा, वीरेंद्र सिंगला, सुभाष गोयल, आरसी जैन, डॉ.लोकेश जैन, डॉ.रमेश कपूर, नरेश गंभीर, संजीव भामरी, सुरेश जैन, सुरेंद्र बत्रा, आनंद कालड़ा, आरके गोयल आदि मौजूद रहे।

### प्रदर्शनकारियों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी

# मनीषा हत्याकांड के विरोध में सामाजिक संस्थाओं ने शहर में निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा




- सामाजिक संगठनों ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही और नाकामी के कारण मनीषा के परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा
- मनीषा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया

भिवानी की शिक्षिका मनीषा की निर्मम हत्या को लेकर पूरे प्रदेश में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सोमवार की शाम घरौंडा की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया। दिल्ली चुंगी फ्लाईओवर के नीचे से शुरू हुए इस कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन से मनीषा के हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी और उन्हें फांसी की सजा देने की मांग की।

#### नारेबाजी और आक्रोश

कैंडल मार्च के दौरान उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि घटना को एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अभी तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही और नाकामी के कारण मनीषा के परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा। सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर जल्द ही पुलिस ने हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने एक स्वर में कहा कि मनीषा जैसी बेटियां समाज की धरोहर हैं। उनकी सुरक्षा और सम्मान करना सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हत्यारों की गिरफ्तारी जल्द नहीं होती तो आंदोलन को और बड़ा रूप दिया जाएगा। इस कैंडल मार्च में घरौंडा क्षेत्र की अनेक सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों ने भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से पार्षद प्रतिनिधि विभोर गुप्ता रिंकु राणा,

#### मार्च का रूट और नेतृत्व

*यह कैंडल मार्च दिल्ली चुंगी रोड से होते हुए रेलवे रोड स्थित श्री विश्वकर्मा चौक तक निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की और शिक्षिका मनीषा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।*

जगपाल स्यां, अंकित, रॉबिन, माइकल, मास्टर जोगिंदर, चाहत वाधवा, जेपी शेखपुरा, संदीप उपली, प्रदीप गुप्ता, पवन अग्रवाल, पप्पू नंबरदार, टोनी राणा, उदय, प्रवीण वर्मा, अनिल सेन, मलखान नंबरदार, आशु कश्यप, आकाश राणा आदि शामिल रहे।



## घोघड़ीपुर में गूंजे बाबा श्याम के जयकारे संकीर्तन में उमड़े भगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गांव घोघड़ीपुर में जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर जय श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा विशाल श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। वृंदावन धाम से आए प्रसिद्ध भजन गायक भारत उमेश और हर्ष गोयल की टीम ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी। श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम जैसे भजनों पर भक्त भावविभोर हो उठे और देर रात तक श्रद्धा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में गांव की सरपंच संगीता रानी और समाजसेवी अशोक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से गांव में सद्भाव और आस्था की भावना मजबूत होती है।

## मंडी मजदूर संगठन की मांग बोरी चोरी का ठीकरा मजदूरों पर नहीं फोड़ा जाए

**करनाल।** नई अनाज मंडी करनाल में मंडी मजदूर संगठन की बैठक जिला प्रधान जंग बहादुर यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंडी से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जंग बहादुर यादव ने कहा कि मंडी में बोरी चोरी की घटनाओं का दोष जबरन मजदूरों पर लगाया जाता है, जबकि असल में इसमें बाहर से आने वाले लोग शामिल होते हैं। कई बार ऐसे लोगों को रंगे हाथ पकड़ा भी गया है, बावजूद इसके ठीकरा मजदूरों पर फोड़ा जाता है। उन्होंने यह भी मांग रखी कि मजदूरों से सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक ही काम लिया जाए, मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर किया जाए और मंडी में शौचालय व पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। बैठक में बड़ी संख्या में मजदूरों ने भाग लिया और एकजुट होकर अपनी आवाज़ बुलंद की।

# दून इंटरनेशनल स्कूल ने लगाई जीत की हैट्रिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



- 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में भी यही स्कूल प्रथम स्थान पर रहा था

गर्व से परिपूर्ण ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए दून इंटरनेशनल स्कूल, करनाल ने एक बार फिर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस वर्ष के जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में भी दून इंटरनेशनल स्कूलों ने हीं प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

आज पुनः हैट्रिक लगाते हुए दून इंटरनेशनल स्कूलों ने करनाल के सभी स्कूलों में से शीर्ष स्थान प्राप्त कर अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित किया। यह दून इंटरनेशनल स्कूल की लगातार दूसरी जीत है, क्योंकि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में भी यही स्कूल प्रथम स्थान पर रहा था। इस अवसर पर करनाल उपायुक्त, पुलिस महानरीक्षक व पुलिस अधीक्षक, सिटी मैजिस्ट्रेट, जिला प्रसाशन व शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गण के साथ साथ हरियाणा राज्य विधानसभा के माननीय उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिढा ने विजेता टीम के बच्चों, स्कूल के नृत्य प्रशिक्षक के साथ साथ दून इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ को ट्रॉफी से सम्मानित किया। समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य व वरिष्ठ लोगो की और से बधाइयों का तांता लग गया है, जो इस उपलब्धि से दून ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस को मिली खुशी, सम्मान और गौरव की भावना में पर्याप्त वृद्धिकारक है।

## नमस्ते योजना की समीक्षा बैठक में एडीसी ने दिए निर्देश

**करनाल।** नमस्ते योजना की समीक्षा बैठक एडीसी सोनू भट्ट की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एडीसी ने निर्देश दिए कि सफाई कर्मियों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ मिलना चाहिए। उन्होंने खासतौर पर सीवर और सेप्टिक टैंक में कार्यरत कर्मियों का सत्यापन करने, उन्हें सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने और आयुष्मान भारत कार्ड की ई-केवाईसी कराने पर जोर दिया। बैठक में अधीक्षण अभियंता विकास, कार्यकारी अभियंता अभिषेक और नगर निगम के तकनीकी विशेषज्ञ सतीश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। एडीसी ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गुरु नानक देव व स्वामी दयानंद की शिक्षाओं को जीवन में उतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



आर्य समाज मंदिर, दयालपुरा गेट (करनाल), जो क्षेत्र की सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित आर्य समाज संस्थाओं में से एक है, में श्रावणी माह के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर करनाल के जाने माने शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता कुलजन्दिर मोहन सिंह बाठ को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। शिक्षाविद बाठ ने श्री गुरु नानक देव जी एवं स्वामी दयानन्द जी की शिक्षाओं में समानताएं विषय पर अपने अत्यंत ओजस्वी विचार रखे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दोनों ही संत महापुरुष अपनी शिक्षाओं में सत्य, सादगी, समानता, मानव सेवा और एक परमात्मा की भक्ति पर बल देते हैं। कार्यक्रम में आर्यसमाज के विख्यात विद्वान और उदबोधक स्वामी धर्मबंधु, आर्य समाज रत्न सतेंदर मोहन कुमार, लाजपत राय चौधरी, स्वतंत्र कुकरेजा, रमेश आर्य, बलबीर आर्य, श्रीमती नवकिरण आर्य, अनुराधा आर्य, ममता पांडे, अरुण वर्मा, अंजना पांडे, डॉ आशीष आर्य व बहुत बड़ी संख्या में आर्य समाज से जुड़े गणमान्य और विशिष्ट लोग उपस्थित थे तथा इस आयोजन में वातावरण प्रेम व आध्यात्मिक उत्साह से ओतप्रोत रहा।

### काव्य गोष्ठी का आयोजन

## जिंदगी के रंगमंच पर सजे शब्दों के रंग कारवां-ए-अदब की काव्य गोष्ठी में गूंजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कारवाने अदब की ओर से मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन जिमखाना क्लब में किया गया। मंच की अध्यक्षता जनाब इकबाल पानीपती ने की। मुख्य अतिथि डॉक्टर क़मर रइस व विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरमुख सिंह वड़ैच और सलीम जावेद कैरानवी रहे । मंच संचालन श्री दलीप खरेरा ने किया।

इस मौके पर प्रवीण जन्नत ने कहा 'इस वसुधा पर वैसे तो बनते मिटते देश अनेक, गर्व से जो कहलाता ऐसा तो भारत ही है एक। कृष्ण कुमार निर्माण बोले 'भेड़ की खाल में हैं भेड़िए देखिए, बताओ इनसे मेमने कैसे बचे'। धमेंद्र अरोड़ा मुसाफ़िर ने फरमाया 'जय हिंद का नारा जो इस दिल से लगाते हैं, वो अमर फरिश्ते ही इतिहास बनाते हैं। जय भारद्वाज तरावड़ी ने कहा 'थिरक रही है राय किसी की ठुमक रहा सवाल है, माहौल में गर्दो गुबार बवाल ही बवाल है । गुरमुख सिंह वड़ैच ने कहा 'सबसे न मिला करो, इतनी सादगी के साथ, वो दौर अलग था ये लोग अलग हैं'। सलीम जावेद कैरानवी बोले 'आजादी खुशामद से प्यार से मनाने से, वो कहां है अपना जो आया न बुलाने से'।

डा. क़मर रईस ने फरमाया 'जो मुहब्बत में जख्म खाए हैं, बस वही मुझको रास आए हैं'। इकबाल पानीपत ने कहा 'आबरू ए गुलशन पर जो फना न हो जाए, वो किसी जमाने में बागवां नहीं होता'। दलीप खरेरा बोले 'जिंदगी के रंगमंच पर कितने किरदार निभाए हैं, सच्चे-झूठे किरदारों में हम बार-बार भरमाएं हैं'। मनोज मधुरभाषी ने फरमाया 'आतंकवादी घुटने के बल आया है, नाक रगडकर अपनी हार मनाया है'।

# 24 को गूंजेंगे रफी-किशोर के तराने एमबीकेसी क्लब करवाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल वासियों को 24 अगस्त की शाम एक यादगार संगीतमय अनुभव मिलने वाला है। मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब (एमबीकेसी) द्वारा चौथी मोहम्मद रफी–किशोर नाइट का आयोजन करनाल के कल्पना चावला मैडीकल कालेज के सभागार में किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा और इसमें करनाल व पानीपत के 50 से अधिक गायक-गायिकाएं अपनी स्वर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवचेतना मंच के संयोजक एस.पी. चौहान होंगे, जबकि शहर व प्रदेश के जाने-माने समाजसेवी और प्रबुद्धजन कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजन की जानकारी देते हुए क्लब की प्रमुख एवं देश की जानी-मानी गायिका मनिंदर बब्बू ने बताया कि यह कार्यक्रम न सिर्फ रफी और किशोर के सदाबहार गीतों को समर्पित होगा बल्कि इसमें हर उम्र वर्ग के कलाकार मंच पर आकर अपनी गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। उन्होंने बताया कि उनके क्लब का उद्देश्य छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच तक लाना है। कार्यक्रम में व्यवसायी, उद्योगपति, रिटायर्ड अधिकारी, गृहिणियां, छात्र-छात्राएं सभी अपनी आवाज़ का जादू बिखेरेंगे। "हमारे क्लब का मकसद यही है कि आम लोगों के बीच छिपे गायक को मंच तक पहुंचाया जाए और उन्हें निखारा जाए," मनिंदर बब्बू ने कहा।

इस अवसर पर अरविंदर पाल सिंह, विनय छावड़ा, हरीश बधावन, रामप्रकाश अत्रेजा, गीता छावड़ा, अरुण राजपाल, अरुण थापर, अजय जैन, रश्मि थापर, कंवल कुमार, राकेश तलवार, प्रदीप शर्मा, अंजली शर्मा, योगेंद्र सिसोदिया, विजय शर्मा और दिलशाद ने भी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



## आढ़ती एसो. ने किया डीएसपी का स्वागत, मंडी प्रधान ने डीएसपी के समक्ष मंडी मे सुरक्षा बढ़ाने की मांग रखी

**तरावड़ी ।** तरावड़ी अनाज मंडी में आढ़ती एसोसिएशन के द्वारा डीएसपी महावीर सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। मंडी आढ़ती एसोसिएशन की ओर से निमंत्रण पर अनाज मंडी में पहुंचे। इस अवसर पर तरावड़ी अनाज मंडी एसोसिएशन की ओर से डीएसपी के समक्ष मंडी के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई मांगे रखी। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने डीएसपी के समक्ष सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कहा कि तरावड़ी अनाज मंडी में लाखों रुपए का रोजाना लेनदेन किया जाता है और मंडी के अंदर तीन-चार बैंक भी है। जिसके लिए तरावड़ी मंडी में सुरक्षा व्यवस्था ना होने की वजह से हर समय अनहोनी का खतरा बना रहता है। मंडी मे चार पांच पुलिस तैनात किये जाये और समय-समय पर अनाज मंडी में पुलिस राइडर द्वारा चक्कर लगाए जाये। जिससे यहां पर कोई अनहोनी होने से बचाव होगा और मंडी मे होने वाली चोरियों पर लगाम लगेगी। नीलोखेड़ी के डीएसपी महावीर सिंह ने आढ़तियों की समस्याओं को सुनकर उनको आश्वासन दिया कि तरावड़ी अनाज मंडी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने डीएसपी महाबीर सिंह को फूलबुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तरावड़ी राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश बंसल, सचिव राकेश हंस आदि मौजूद रहे।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री




**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी । फोटो :हरिभूमि

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में एंटी ड्रग/एंटी टोबैको/एंटी लिकर सेल की ओर से नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी ने विद्यार्थियों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 85 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम, चांदनी ने द्वितीय व जसलीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में तनीषा ने प्रथम, अभिषेक ने द्वितीय और सौरभ ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी ने बताया कि महाविद्यालय में भारत स्पेस वीक 18 अगस्त से 23 अगस्त तक मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में दोपहर 1 बजे साइंस मूवी शो का आयोजन किया गया।

**कार्यक्रम** निर्माणाधीन विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करवाएं : विधायक

# विधायक कश्यप ने हलके के लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनता दरबार आयोजित कर हलके के लोगों की समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करवाएं ताकि लोगों को इनका लाभ समय पर मिल सके।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना उनका कर्तव्य बनता है। यदि समस्याओं का समय रहते समाधान हो जाए तो संबंधित व्यक्ति को उसका सीधा लाभ मिल सकता है। उनका भी हमेशा यही रहा है कि वे अपने स्तर पर जनता की समस्याओं का समाधान करवा सकें। जनता दरबार के दौरान गांव भौजी खालसा से आई पिंकी, जमेरों व प्रेमो ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने बारे विधायक रामकुमार कश्यप से अनुरोध किया।

इस पर विधायक रामकुमार कश्यप ने तुरंत प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला कोऑर्डिनेटर जोगिन्द्र सिंह को इन महिलाओं की समस्या का निवारण करने बारे निर्देश दिए ।

#### ये समस्याएं आईं

*जनसुनवाई कार्यक्रम में गांव मुस्सेपुर से आये पंकज कुमार व अन्य ने गांव में सार्वजनिक चौपाल बारे, बीबीपुर जाटान से भूषण व अन्य ग्रामीणों ने गलियों बारे, रैयतखाना गांव से आए बनारसी दास ने आयुष्मान कार्ड व बीपीएल कार्ड बारे, गांव मटक माजरी से आये ग्रामीणों ने सीवरेज की सफाई से संबंधित, गांव नेवल से आये ग्रामीणों ने गांव में सार्वजनिक चौपाल बनवाने बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक रामकुमार कश्यप से अनुरोध किया। विधायक ने हल्के से आये सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।*

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने आठ जुआरी पकड़े, केस दर्ज

**समालखा।** समालखा चौकी पुलिस टीम ने जीटी रोड स्थित लग्जरी होटल के कमरे में जुआ खेल रहे आठ आरोपियों सज्जन, मनोज, सुरेश, भीम, जयबीर निवासी गांव चुलकाना व संदीप निवासी गांव पट्टीकल्याणा, अशोक निवासी सराय मोहल्ला, आकाश निवासी पंजाबी मोहल्ला, समालखा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से जुआ खेलने में प्रयुक्त ताश के पत्ते व दाव पर लगी 24 हजार 400 रुपये की नगदी बरामद हुई है। चौकी प्रभारी अनिल ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना समालखा में गेंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर बरामद नगदी और अन्य सामान पुलिस ने केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया है।

### पुलिस ने किया कंबल चोर सुपरवाइजर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने गांव नूरपुर मुगलान के रकबे में स्थित फैक्टरी से लाखों रुपये कीमत का तैयार कंबल चोरी करने के मामले में आरोपी सुरवाइजर रविंद्र निवासी गांव जुलेपुरा जिला बुलंदशहर, को गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी विजय ने बताया कि चोरी के मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में हुडा सेक्टर 11 निवासी तरूण गोयल की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस ने कोर्ट से आरोपी रविंद्र को दस दिन के रिमांड पर लिया है, रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से सके साथियों आदि की जानकारी व चोरी का माल बरामद करने का प्रयास करेगी।

### यौन शोषण के विरूद्ध सेमिनार होगा

**पानीपत।** स्काईलार्क में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर खंड स्तरीय सेमिनार का आयोजन छब्बीस अगस्त आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्षा शर्मा ने देते हुए बताया कि यह सेमिनार कार्यस्थलों पर सेक्सुअल हैरासमेंट को लेकर ब्रेकथ्रू संस्था के साथ मिलकर आयोजित होगा। सेमिनार में विभिन्न संबंधित विभागों के अलावा पानीपत, समालखा, मतलौडा और बापौली खंड के कुल 12 स्कूलों के मुख्याध्यापक और गांव के सरपंच भी आमंत्रित किए गए हैं।

### पीएलवी पैनल का गठन होगा: वर्षा

**पानीपत।** मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्षा शर्मा ने बताया कि प्राधिकरण, ने 55 पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) के पैनल हेतु स्थानीय निवासियों से आवेदन मांगे हैं। वहीं, शिक्षक, सेवानिवृत्त कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, एमएसडब्ल्यू छात्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, छात्र/विधि छात्र, गैर-राजनीतिक एनजीओ/क्लब सदस्य, महिला समूह व स्व-सहायता समूह भी आवेदन कर सकते हैं।

### आर्यन व शगुन प्रथम

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के उपलक्ष्य में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष अन्वेषण और मिशन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और नवाचार, अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान, अंतरिक्ष, समाज, अंतरिक्ष, पर्यावरण आदि विषयों पर अपने मनोभाव को प्रदर्शित करते हुए पोस्टर बनाए। वहीं, पोस्टर बनाने में आर्यन व शगुन प्रथम, नवप्रीत कौर व आरती द्वितीय, नेहा व गुंजन तृतीय और सावन मिटान को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया

**पानीपत।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा समिति के कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सतीश गोयल, सचिन कृष्ण गोपाल सेठी, ओमप्रकाश ढींगरा, जगजीवन सचदेवा, अशोक अरोड़ा, लीला कृष्ण, उपेंद्र दुआ, डॉ.रमेश शुक्ला, ईश्वर शर्मा, राम कमल, राकेश, अशोक नारंग, बलजीत राज, वेद छाबड़ा, सुभाष सोनी, एमएल पाहवा, एस पबरेजा, एचडी आहूजा, नरेंद्र गोयल, एमएल शाही, ओम ढींगरा व डॉ.जगदीश आहूजा ने तिरंगा फहराया।

---

### समाजसेवी पवन गोयल की याद में 107 ने रक्तदान किया

# एसडी कॉलेज में दूसरी पुण्यतिथि पर स्व. पवन गोयल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी



पानीपत। रक्तदानियों को बैज लगाकर हौंसला बढ़ाते हुए अथितिगण। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। एसडी कालेज में स्व. पवन गोयल की पुण्यतिथि पर अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर निगम मेयर कोमल सैनी किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्व. पवन गोयल पूर्व प्रधान एसडी पीजी कालेज की दूसरी पुण्यतिथि पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी, रोटरी क्लब पानीपत रेनबो एवं सिविल हॉस्पिटल पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के एनएसएस कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों व पानीपत के नागरिकों ने भाग लिया और शिविर में 107 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर निगम मेयर कोमल सैनी किया तथा उनके साथ अतिविशिष्ट रवि प्रकाश जिला गवर्नर रोटरी क्लब रहे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में सतीश चंद्रा चेयरमैन एसडी विद्या मंदिर हुडा, नरेश कुमार गोयल सचिव एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत, अभय सिंगला उप-प्रधान एसडी विद्या मंदिर सिटी, कृष्ण अग्रवाल ऑडिटर एसडी विद्या मंदिर सिटी, दिनेश गोयल प्रधान एसडी कालेज, महेंद्र अग्रवाल महासचिव एसडी कालेज, राजीव गर्ग उप-प्रधान एसडी कालेज, एवं विशाल गोयल कोषाध्यक्ष एसडी कालेज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब पानीपत रेनबो से प्रधान मनमोहन अग्रवाल, सचिव राजीव सिंघल, असिस्टेंट गवर्नर सुमित मित्तल, सदस्य आशीष गर्ग, सदस्य हिमांशु गोयल, रेड क्रॉस ब्लड बैंक की प्रभारी डा. पूजा सिंघल एवं उनकी टीम, सिविल हॉस्पिटल पानीपत से मेडिकल अधिकारियों ने रक्त को एकत्रित करने का दायित्व संभाला और रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। अतिथियों का स्वागत कालेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा एवं कालेज के एनएसएस प्रभारी डा. राकेश गर्ग ने किया। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। नगर निगम मेयर कोमल सैनी कहा कि दान में मिले रक्त से रोगियों व हादसों में घायल हुए लोगों की जान बचाई जाती है। इसके मद्देनजर रक्तदाता भगवान का स्वरूप होता है। वहीं 450 ग्राम रक्त से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रत्येक दो सेकंड में किसी न किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है। उन्होंने दावा किया कि रक्तदान करने से इंसान के शरीर की इम्युनिटी बढती है और भयानक रोगों से शरीर का बचाव होता है। रोटरी क्लब के गवर्नर रवि प्रकाश कहा कि रक्तदान से लाखों जानें बच सकती हैं और रक्त उपलब्ध रहे तो किसी का भी जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान करने से नयी रक्त कोशिकाओं के उत्पादन में वृद्धि होती है। रक्त की न कोई जाति और न कोई धर्म होता है बल्कि यह समाज सेवा करने का सर्वश्रेष्ठ साधन है।

---

### जनता को तीव्र, सुलभ किफायती न्याय प्रदान करें

**पानीपत।** चालू वर्ष को मध्यस्थता फॉर द नेशन अभियान के अंतर्गत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-कम-सचिव, जिला विधिक सेवाए प्राधिकरण वर्षा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्रम निरीक्षक बलजीत मलिक, लीड बैंक मैनेजर राज कुमार, थाना महिला प्रभारी अंजलि, उप-मंडल अधिकारी, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, सनौली, पानीपत सम्मिलित हुए। बैठक का उद्देश्य अधिविवाद-पूर्व (परी लिटिगेशन) अवस्था में अधिकतम संख्या में मामलों को जिला मध्यस्थता केन्द्र को संदर्भित करने हेतु विभागीय समन्वय और रणनीति तैयार करना था, ताकि नागरिकों को तीव्र, सुलभ एवं किफायती न्याय प्रदान किया जा सके तथा न्यायालयों में लंबित वादों का भार कम किया जा सके।

### समस्या का हल जल्द हो : संजय

**पानीपत।** पानीपत में जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का लगातार आयोजन हो रहा है। वहीं, नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समाधान शिविर जनता की समस्याओं का अधिकारी जल्द समाधान करें। बैठक में एसडीएम मनदीप, डीएसपी सतीश वत्स आदि अफसर उपस्थित रहे।

---

## रक्तदान कर गैरों से भी बनाओ लहू का रिश्ता

- भारत विकास परिषद के कैंप में मानवता के लिए 100 लोगों ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भारत विकास परिषद के रक्तदान शिविर में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद ने हुडा सेक्टर-24 स्थित अग्रवाल भवन में चौथा रक्तदान शिविर लगाया गया। वहीं रक्तदान शिविर के साथ मेगा हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया। जिसमें मुख्यअतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर कोमल सैनी एवं वार्ड-14 के पार्षद बिटटू प्रजापति पधारें। वहीं अन्य अतिथियों में एमसीए प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, क्षेत्रीय संयोजक संजय चौधरी, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, नीरज गोयल, नितिन अग्रवाल,योगेश गोयल प्रांतीय कोषाध्यक्ष मौजूद रहे।

ढांडा ने कहा कि रक्तदान महादान है और भारत विकास परिषद के इस कैंप की प्रशंसा की। भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष दीपक ने बताया कि रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रेड क्रॉस को दी गई। मेगा हेल्थ चैकअप में दंत चिकित्सक डा. लक्षीत गुप्ता,डा. पूजा चर्म रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी। रक्तदान कर गैरों से भी बनाओ लहू का रिश्ता। कैंप में दवाई व खून जांच फ्री करवाई गई। कार्यक्रम संयोजक पूर्ण शर्मा, जय भगवान, सत्यनारायण, शाखा के कोषाध्यक्ष अनुज गोयल, नीतिका गोयल, अमन मित्तल, राजेश गोयल, विकास गोयल,अरविंद शर्मा व विकास गुप्ता मौजूद रहे।

## शरीर को बलवान करता है सूर्य नमस्कार : ढांडा

- 20 हजार सूर्य नमस्कार का छह बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले संदीप सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले संदीप आर्य जांगड़ा को सम्मानित करते हुए।

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने खुशी गार्डन में 20 हजार लगातार सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने पर संदीप आर्य जांगड़ा को सम्मानित किया। विदित रहे कि हरियाणा के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संदीप आर्य जांगड़ा ने गुजरात के मोढेरा में आयोजित सूर्य नमस्कार चैंपियनशिप में 37 घंटे लगातार 20,000 लगातार सूर्य नमस्कार का छह बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। वहीं, शिक्षा मंत्री ढांडा ने कहा कि संदीप ने 37 घंटे लगातार 20 हजार बार सूर्य नमस्कार में विश्व रिकॉर्ड बनाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन पूरे विश्व में किया है। हमें गर्व है इस उपलब्धि है युवाओं को एक नया संदेश मिलेगा इनके माध्यम से पूरे देश वासी सूर्य नमस्कार का महत्व समझ पाएंगे सूर्य नमस्कार करने से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है इसलिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन 10 मिनट सूर्य नमस्कार सबको करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का युवा वर्ग योग और सूर्य नमस्कार को अपने जीवन शैली में शामिल करेंगे जिससे हर व्यक्ति निरोगी व स्वस्थ होगा।

## मनीषा हत्याकांड के विरोध में मार्च निकाला



पानीपत। इनसो नेता राजिन्द्र जैलदार व अन्य मनीषा हत्याकांड में कैंडल मार्च करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव आसन कंला में केडल मार्च निकाल कर मनीषा हत्याकांड की तुलना निर्भया केस करते हुए दोषियों को पकड़कर उन्हें सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। ब्लाक समिति सदस्य एवं इनसो नेता राजिंद्र जैलदार ने कहा कि इस घटना से हरियाणा का हर नागरिक दुखी है।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का हर निवासी मनीषा को न्याय दिलाने की मांग कर रहा है और एक दलित की बेटी के साथ ऐसे बर्बरता को देखते हुए दोषियो को तुरंत पकड कर उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि उस बेटी की आत्मा को शांति मिला सके। केडल मार्च में अर्जुन, सचिन, स्टार कागड़ा, साहिल, राजेश भान, ब्रिजपाल भान, सागर वाल्मीकि, अनिल, रामस्वरूप, महावीर भान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## ज्ञान का भंडार है पुस्तकालय: डॉ. मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज में हाउ टू यूज़ लाइब्रेरी रिसोर्सेज एंड सर्विसेज पर वर्कशॉप आयोजित फोटो : हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज में लाइब्रेरी द्वारा वनस्पति विज्ञान, वाणिज्य और अर्थशास्त्र विभागों के संयुक्त सहयोग से "हाउ टू यूज़ लाइब्रेरी रिसोर्सेज एंड सर्विसेज" विषय पर वर्कशॉप श्रृंखला आयोजित की गई जिसमे बीए, बीकॉम. और बीएससी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

यह वर्कशॉप एनडीएलआई क्लब के माध्यम से आयोजित की गई। कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि आधुनिक समय में पुस्तकालय की भूमिका केवल पुस्तकों के संग्रह तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह विद्यार्थियों के लिए ज्ञानार्जन, शोध और बौद्धिक विकास का प्रमुख माध्यम बन चुका है।

उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को पारंपरिक संसाधनों के साथ-साथ ई-बुक्स, ई-जर्नल्स, ऑनलाइन डेटाबेस और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म जैसी आधुनिक सुविधाओं का उपयोग करना आना चाहिए। जब विद्यार्थी इन संसाधनों का सही तरीके से प्रयोग करना सीख लेते हैं, तो वे न केवल अपने पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, बल्कि शोध और नवाचार के क्षेत्र में भी बेहतर परिणाम दे सकते हैं।

### नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की भूमिका पर विशेष चर्चा की

इंटरनेट और डिजिटल तकनीक के प्रसार ने पुस्तकालय सामग्रियों तक पहुंच को पहले की तुलना में कहीं अधिक सहज और तीव्र बना दिया है। उन्होंने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की भूमिका पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि यह प्लेटफ़ॉर्म विद्यार्थियों को हजारों ई-बुक्स, ई-जर्नल्स और अन्य ऑनलाइन डेटाबेस तक निःशुल्क पहुंच उपलब्ध करवाता है।

---

**पर्व** भगवान श्री कृष्ण व राधा का स्वरूप बन कर सभी का मन मोह लिया

# पानीपत में रही श्री जन्माष्टमी पर्व की धूम

- श्री कृष्ण क्लब पानीपत ने 31वां जन्माष्टमी महोत्सव भक्तिभाव से मनाया
- गायक विशाल शैली व दीक्षा वधवा ने भजन सुना कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। इन्नर व्हील की पूर्व प्रधान डॉ अनु कालड़ा अपने परिजनों के साथ श्रीजन्माष्टमी पर्व मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। शैफील्ड स्कूल, हुडा में श्री कृष्ण व राधा का स्वरूप बने नन्हें मुन्ने विद्यार्थी।

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में श्री जन्माष्टमी पर्व की धूम रही। वहीं, पानीपत के विराट नगर स्थित इन्नर व्हील की पूर्व प्रधान डॉ. अनु कालड़ा के निवास पर जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जबकि शैफील्ड स्कूल हुडा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की धूम रही। विद्यार्थी भगवान श्री कृष्ण व राधा का स्वरूप बन कर पहुंचे और धार्मिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। श्री कृष्ण क्लब पानीपत ने 31वां जन्माष्टमी महोत्सव भक्तिभाव से बनाया। इस अवसर पर गायक विशाल शैली व दीक्षा वधवा ने भजन सुना कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सुरेन्द्र रेवड़ी, एसपी बंसल, गजेन्द्र सलूजा, नवीन भाटिया, डा. गौरव श्रीवास्तव, विजय जैन प्रवीन अग्रवाल वीरेंद्र गुप्ता, राजीव गोयल, पुनीत बत्रा समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हाथों में तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जन शिक्षण संस्थान पानीपत के तत्वावधान में संस्थान के प्रांगण में हर घर तिरंगा-हर दिल तिरंगा के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। देशभक्ति के गगनभेदी नारे लगाए गए। संस्थान ने इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। संस्थान के पूर्व लाभार्थियों एवं स्टाफ के सदस्यों ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से आगे बढाया और स्पर्धाओं में विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका हौंसला बढ़ाते हुए विजेताओं को अनंत शुभकामनाएं व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में नए कौशल का शुभारंभ एवं प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी लाभार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान के निदेशक जसवंत सिंह ने आये हुए सभी लाभार्थियों का धन्यवाद किया।

